**F.No. 15-89/1/NMA/HBL-2021**

**Government of India**
**Ministry of Culture**
**National Monuments Authority**

# PUBLIC NOTICE

It is brought to the notice of public at large that the draft Heritage Bye-Laws of Centrally Protected Monument "Cemetery at Alambagh", Lucknow" have been prepared by the Authority, as per Section 20(E) of Ancient Monuments and Archaeological Sites and Remains Act, 1958. In terms of Rule 18 (2) of National Monuments Authority (Appointment, Function and Conduct of Business) Rules, 2011, the above proposed Heritage Bye-Laws are uploaded on the following websites for inviting objections or suggestions from the Public:

i. National Monuments Authority **www.nma.gov.in**
ii. Archaeological Survey of India **www.asi.nic.in**
iii. Archaeological Survey of India, Lucknow Circle **www.asilucknowcircle.nic.in**

2. Any person having any objections or suggestion may send the same in writing to Member Secretary, National Monuments Authority, 24, Tilak Marg, New Delhi- 110001 or mail at the email ID **hbl-section@nma.gov.in** latest by 9th September, 2021. The person making objections or suggestion should also give his name and address.

3. In terms of Rule 18(3) of National Monuments Authority (Appointment, Function and Conduct of Business) Rules, 2011, the Authority may decide on the objections or suggestions so received before the expiry of the period of 30 days i.e. 9th September, 2021, consultation with Competent Authority and other Stakeholders.

(N.T.Paite)
Director, NMA
11th August, 2021

**भारतसरकार**

**संस्कृति मंत्रालय**

**राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण**

**GOVERNMENT OF INDIA**
**MINISTRY OF CULTURE**
**NATIONAL MONUMENTS AUTHORITY**



**आलमबाग समाधि-स्थल (सेमेट्री), लखनऊ** के लिए धरोहर उप-विधि

Heritage Bye Laws for **Cemetery at Alambagh, Lucknow**

**भारत सरकार**
**संस्कृति मंत्रालय**
**राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण**

---

प्राचीन संस्मारक और पुरातत्वीय स्थल और अवशेष (धरोहर उप-विधि विनिर्माण और सक्षम प्राधिकारी के अन्य कार्य) नियम 2011 के नियम (22) के साथ पठित प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम, 1958 की धारा 20 ङ द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय संरक्षित संस्मारक "आलमबाग समाधि-स्थल (सेमेट्री)", लखनऊ के लिए निम्नलिखित प्रारूप धरोहर उप-विधि जिन्हें "भारतीय राष्ट्रीय कला एवं सांस्कृतिक विरासत न्यास" (इनटेक) के साथ परामर्श करके सक्षम प्राधिकारी द्वारा तैयार किया गया है, राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण (प्राधिकरण के अध्यक्ष और सदस्यों की सेवा शर्तें और कार्य निष्पादन), नियमावली, 2011 के नियम 18, उप नियम (2) द्वारा यथा अपेक्षित जनता से आपत्ति या सुझाव आमंत्रित करने के लिए एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है।

अधिसूचना के प्रकाशन के तीस दिनों के अंदर आपत्ति या सुझाव, यदि कोई हो, को सदस्य सचिव, राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण (संस्कृति मंत्रालय), 24, तिलक मार्ग, नई दिल्ली के पास भेजा जा सकता है अथवा hbl-section@nma.gov.inपर ई-मेल किया जा सकता हैं।

उक्त प्रारूप उप-विधि के संबंध में किसी व्यक्ति से यथाविनिर्दिष्ट अवधि की समाप्ति से पहले प्राप्त आपत्ति या सुझावों पर राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण द्वारा विचार किया जाएगा।

प्रारूप धरोहर उप -विधि

अध्याय I

प्रारंभिक

**1.0 संक्षिप्त नाम, विस्तार और प्रारम्भ:-**

(i) इन उप-विधियों को केंद्र सरकार द्वारा संरक्षित स्मारक, "आलमबाग समाधि-स्थल (सीमेटरी)", लखनऊ के लिए राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण धरोहर उप-विधि, 2021 कहा जाएगा

(ii) ये स्मारक के सम्पूर्ण प्रतिषिद्ध और विनियमित क्षेत्र तक लागू होंगी।

(iii) ये अधिकारिक राजपत्र में उनके प्रकाशन की तिथि से प्रवृत्त होंगी।

**1.1 परिभाषाएं :**

(1) इन उप-विधियों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो:-

(क) “प्राचीन संस्मारक” से कोई संरचना, रचना या संस्मारक, या कोई स्तूप या स्थान या दफ़नगाह या कोई गुफा, शैलमूर्ति-, शिलाएकाश्मक जो ऐतिहासिक लेख या-, पुरातत्वीय या कलात्मक रुचि का है और जो कम से कम एक सौ वर्षों से विद्यमान है, अभिप्रेत है, और इसके अंतर्गत हैं -

(i) किसी प्राचीन संस्मारक के अवशेष,

(ii) किसी प्राचीन संस्मारक का स्थल,

(iii) किसी प्राचीन संस्मारक के स्थल से लगी हुई भूमि का ऐसा भाग जो ऐसे संस्मारक को बाड़ से घेरने या आच्छादित करने या अन्यथा परिरक्षित करने के लिए अपेक्षित हो, तथा

(iv) किसी प्राचीन संस्मारक तक पहुंचने और उसके सुविधाजनक निरीक्षण के साधन;

(ख) “पुरातत्वीय स्थल और अवशेष” से कोई ऐसा क्षेत्र अभिप्रेत है, जिसमें ऐतिहासिकया पुरातत्वीय महत्व के ऐसे भग्नावशेष या अवशेष हैं या जिनके होने का युक्तियुक्तरूप से विश्वास किया जाता है, जो कम से कम एक सौ वर्षों से विद्यमान है, और इनके अंतर्गत हैं-

(i) उस क्षेत्र से लगी हुई भूमि का ऐसा भाग जो उसे बाड़ से घेरने या आच्छादित करने या अन्यथा परिरक्षित करने के लिए अपेक्षित हो, तथा

(ii) उस क्षेत्र तक पहुंचने और उसके सुविधापूर्ण निरीक्षण के साधन;

(ग) “अधिनियम” से आशय प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेषअधिनियम, 1958 (24 का 1958)है;

(घ) “पुरातत्व अधिकारी” से भारत सरकार के पुरातत्व विभाग का कोई ऐसा अधिकारी अभिप्रेत है, जो सहायक अधीक्षण पुरातत्वविद् से निम्नतर पद का नहीं है (श्रेणी);

(.ड) “प्राधिकरण” से अधिनियम की धारा च के अधीन20गठित राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण अभिप्रेत है;

(च) “सक्षम प्राधिकारी” से केंद्र सरकार या राज्य सरकार के पुरातत्व निदेशक या पुरातत्व आयुक्त की श्रेणी से नीचे न हो या समतुल्य श्रेणी का ऐसा अधिकारी अभिप्रेत है, जो इस अधिनियम के अधीन कृत्यों का पालन करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, सक्षम प्राधिकारी के रूप में विनिर्दिष्ट किया गया हो:

बशर्ते कि केंद्र सरकार सरकारी राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, धारा ग20, ङ के 20 घ और20 प्रयोजन के लिए भिन्न भिन्न सक्षम प्राधिकारी विनिर्दिष्ट कर सकेगी;

(छ) “निर्माण” से किसी संरचना या भवन का कोई परिनिर्माण अभिप्रेत है, जिसके अंतर्गत उसमें ऊर्ध्वाकार या क्षैतिजीय कोई परिवर्धन या विस्तारण भी है, किन्तु इसके अंतर्गत किसी निर्माण:विद्यमान संरचना या भवन का कोई पुन, मरम्मत और नवीकरण या नालियों और जलनिकास सुविधाओं तथा सार्वजनिक शौचालयों,मूत्रालयों और इसी प्रकार की सुविधाओं का निर्माण, अनुरक्षण और सफाई या जनता के लिए जलापूर्ति की व्यवस्था करने के लिए आशयित सुविधाओं का निर्माण और अनुरक्षण या जनता के लिए विद्युत की आपूर्ति और

वितरण के लिएनिर्माण या अनुरक्षण, विस्तारण, प्रबंध या जनता के लिये इसी प्रकार की सुविधाओं के लिए व्यवस्था शामिल नहीं हैं;]

(ज) “तल क्षेत्र अनुपात  (पीठिका क्षेत्र) से आशय सभी तलों के कुल आवृत्त क्षेत्र का (.आर.ए.एफ) के क्षेत्रफल से भाग करके प्राप्त होने वाले भागफल से अभिप्रेत है (प्लाट) भूखंड;

तल क्षेत्र अनुपात भूखंड क्षेत्र द्वारा विभाजित सभी तलों का कुल आवृत्त क्षेत्र =;

(झ) “सरकार” से आशय भारत सरकार से है;

(ञ) अपने व्याकरणिक रूपों और सजातीय पदों सहित “अनुरक्षण” के अंतर्गत हैं किसी संरक्षित संस्मारक को बाड़ से घेरना, उसे आच्छादित करना, उसकी मरम्मत करना, उसका पुनरूद्धार करना और उसकी सफाई करना, और कोई ऐसा कार्य करना जो किसी संरक्षित संस्मारक के परिरक्षण या उस तक सुविधाजनक पहुंच को सुनिश्चित करने के प्रयोजन के लिए आवश्यक है;

(ट) “स्वामी” के अंतर्गत हैं-

(i) संयुक्त स्वामी जिसमें अपनी ओर से तथा अन्य संयुक्त स्वामियों की ओर से प्रबंध करने की शक्तियॉ निहित हैं और किसी ऐसे स्वामी के हकराधिकारीउत्त-, तथा

(ii)प्रबंध करने की शक्तियों का प्रयोग करने वाला कोई प्रबंधक या न्यासी और ऐसे किसी प्रबंधक या न्यासी का पद में उत्तराधिकारी;

(ठ) “परिरक्षण” से आशय किसी स्थान की विद्यमान स्थिति को मूलरूप से बनाए रखना और खराब है होती स्थिति की गति को धीमा करना;

(ड) “प्रतिषिद्ध क्षेत्र” से धारा क के अधीन प्रतिषिद्ध क्षेत्र के रूप में विनिर्दिष्ट क्षेत्र या घोषित किया 20 गया कोई क्षेत्र अभिप्रेत है;

(ढ) “संरक्षित क्षेत्र” से कोई ऐसा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अभिप्रेत है, जिसे इस अधिनियम के द्वारा या उसके अधीन राष्ट्रीय महत्व का होना घोषित किया गया है;

(ण) “संरक्षित संस्मारक” से कोई ऐसा प्राचीन संस्मारक अभिप्रेत है, जिसे इस अधिनियम के द्वारा या उसके अधीन राष्ट्रीय महत्व का होना घोषित किया गया है;

(त) “विनियमित क्षेत्र” से धारा या गया कोई क्षेत्र अभिप्रेत ख के अधीन विनिर्दिष्ट या घोषित कि20 है;

(थ) “पुननिर्माण:” से किसी संरचना या भवन का उसकी पूर्व विद्यमान संरचना में ऐसा कोई परिनिर्माण अभिप्रेत है, जिसकी क्षैतिजीय और ऊर्ध्वाकार सीमाएंसमान हैं;

(द) “मरम्मत और पुनरुद्धार” से किसी पूर्व विद्यमान संरचना या भवन के परिवर्तन अभिप्रेत हैं, किन्तु इसके अंतर्गत निर्माण या पुननिर्माण नहीं होंगे।:

(2)इसमें प्रयुक्त और परिभाषित नहीं किए गए शब्दों और अभिव्यक्तियों का आशय वही अर्थ होगा जैसा अधिनियम में समनुदेशित किया गया है।

**अध्याय ॥**

## प्राचीन संस्मारक और पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम,की पृष्ठभूमि 1958 अधिनियम (एएमएएसआर), 1958

**2.** अधिनियम की पृष्ठभूमि : धरोहर उप-विधियों का उद्देश्य केंद्र सरकार द्वारा संरक्षित स्मारकों की सभी दिशाओं में 300 मीटर के अंदर भौतिक, सामाजिक और आर्थिक दखल के बारे में मार्गदर्शन देना है। 300 मीटर के क्षेत्र को दो भागों में बॉटा गया है (i) प्रतिषिद्ध क्षेत्र, यह क्षेत्र संरक्षित क्षेत्र अथवा संरक्षित स्मारक की सीमा से शुरू होकर सभी दिशाओं में एक सौ मीटर की दूरी तक फैला है और (ii) विनियमित क्षेत्र, यह क्षेत्र प्रतिषिद्ध क्षेत्र की सीमा से शुरू होकर सभी दिशाओं में दो सौ मीटर की दूरी तक फैला है।

अधिनियम के उपबंधों के अनुसार, कोई भी व्यक्ति संरक्षित क्षेत्र और प्रतिषिद्ध क्षेत्र में किसी प्रकार का निर्माण अथवा खनन का कार्य नहीं कर सकता जबकि ऐसा कोई भवन अथवा संरचना जो प्रतिषिद्ध क्षेत्र में 16 जून,1992 से पूर्व मौजूद था अथवा जिसका निर्माण बाद में महानिदेशक, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की अनुमति से हुआ था, विनियमित क्षेत्र में किसी भवन अथवा संरचना निर्माण, पुन:निर्माण, मरम्मत अथवा पुनरुद्धार की अनुमति सक्षम प्राधिकारी से लेना अनिवार्य है।

**2.1** धरोहर उप-विधियों से संबंधित अधिनियम के उपबंध : प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम,1958, धारा 20ङ और प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष(धरोहर उप-विधियों का विनिर्माण और सक्षम प्राधिकारी के अन्य कार्य) नियम 2011, नियम 22 में केंद्र सरकार द्वारा संरक्षित स्मारकों के लिए उप नियम बनाना विनिर्दिष्ट है। नियम में धरोहर उप-विधि बनाने के लिए पैरामीटर का प्रावधान है। राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण (प्राधिकरण के अध्यक्ष और सदस्यों की सेवा शर्तें तथा कार्य निष्पादन) नियम, 2011, नियम 18 में प्राधिकरण द्वारा धरोहर उप-विधियों को अनुमोदन की प्रक्रिया विनिर्दिष्ट है।

**2.2** आवेदक के अधिकार और जिम्मेदारियां: प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम, 1958 की धारा 20ग में प्रतिषिद्ध क्षेत्र में मरम्मत और पुनरुद्धार अथवा विनियमित क्षेत्र में निर्माण अथवा पुनर्निर्माण अथवा मरम्मत या पुनरुद्धार के लिए आवेदन का विवरण नीचे दिए गए विवरण के अनुसार विनिर्दिष्ट है:

(क) कोई व्यक्ति जो किसी ऐसे भवन अथवा संरचना का स्वामी है जो 16 जून,1992 से पहले प्रतिषिद्ध क्षेत्र में मौजूद था अथवा जिसका निर्माण इसके उपरांत महानिदेशक के अनुमोदन से हुआ था तथा जो ऐसे भवन अथवा संरचना का किसी प्रकार की मरम्मत अथवा पुनरुद्धार का काम कराना चाहता है, जैसा भी स्थिति हो,ऐसी मरम्मत और पुनरुद्धार को कराने के लिए सक्षम प्राधिकारी को आवेदन करसकता है।

(ख) कोई व्यक्ति जिसके पास किसी विनियमित क्षेत्र में कोई भवन अथवा संरचना अथवा भूमि है और वह ऐसे भवन अथवा संरचना अथवा जमीन पर कोई निर्माण,अथवा पुन:निर्माण अथवा मरम्मत अथवा पुनरुद्धार का कार्य कराना चाहता है,जैसी भी स्थिति हो, निर्माण अथवा

पुन:निर्माण अथवा मरम्मत अथवा पुनरुद्धार के लिए सक्षम प्राधिकारी को आवेदन कर सकता है।

(ग) सभी संबंधित सूचना प्रस्तुत करने तथा राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण (प्राधिकरण के अध्यक्ष तथा सदस्यों की सेवा की शर्तें और कार्य संचालन) नियम,2011 के अनुपालन की जिम्मेदारी आवेदक की होगी।

## अध्याय - III

## केंद्रीय संरक्षित स्मारक - "आलमबाग समाधि (सेमेट्री), लखनऊ" का स्थान एवं अवस्थिति

### 3.0 स्मारक का स्थान एवं अवस्थिति:

- यह जीपीएस निर्देशांक 26°48'48.90'', उत्तरी अक्षांश एवं 80°54'18.94'' पूर्वी देशान्तर में स्थित है।
- आलमबाग लखनऊ में चारबाग के दक्षिण में अवस्थित है।

- यह लखनऊ के महत्वपूर्ण आवासीय और व्यावसायिक क्षेत्रों में से एक है और शहर के सघन आबादी वाले क्षेत्रों में से भी है।




***आलमबाग समाधि, लखनऊ की स्थिति को दर्शाता गूगल मानचित्र***

- स्मारक का निकतम विमानपत्तन चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय विमानपत्तन है जो स्मारक से 6.6 किमी. की दूरी पर है और भारत के सभी महानगरों से जुड़ा हुआ है।

- चारबाग रेलवे स्टेशन निकटतम रेलवे स्टेशन है जो स्मारक से 2.0 किमी. की दूरी पर स्थित है।

**3.1 स्मारक की संरक्षित चारदीवारी:**

केन्द्रीय संरक्षित स्मारक-आलमबाग (सेमेट्री), लखनऊ, सर्वेक्षण भूखंड संख्या 604 की संरक्षित सीमाएं अनुलग्नक-I में देखी जा सकती हैं।

**3.1.1 भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग (ए.एस.आई.) के अभिलेख (रिकार्ड) के अनुसार अधिसूचना मानचित्र/योजना:**

आलगबाग समाधि, लखनऊ की राजपत्र अधिसूचना की प्रति को अनुलग्नक-II पर देखा जा सकता है।

**3.2 स्मारक का इतिहास:**

सर हेनरी हैवलॉक (5 अप्रैल 1795-24 नवम्बर 1857) एक ब्रिटिश जनरल था जिसका संबंध विशेषकर 1857 के भारत के प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम के दौरान भारतीय स्वतन्त्रता सेनानियों से अंग्रेजों के द्वारा कानपुर के पुनः हासिल करने और भारत से जुड़ा है। हैवलॉक को किले की दीवार के ठीक बाहर पूरे सैनिक सम्मान के साथ दफनाया गया था। उसकी पत्नी और परिवार ने आलमबाग में एक स्तम्भ के रूप में एक स्मारक बनवाया था और जिसका नाम आलमबाग सीमेटरी है।

**3.3 स्मारक का विवरण (वास्तुकला विशेषताएं, तत्व, सामग्री आदि) :**

समाधि में शिला से तराशकर बनाया गया एक स्मारक स्तम्भ है। यह हैवलॉक की यादगार में बना एक आकर्षक स्मारक है और इसे उसके पुत्रों, विधवा एवं परिवार द्वारा खड़ा किया गया था। उसके मकबरे पर ये श्लोक उत्कीर्ण है: “उसके अवशेष एक शान्तिमय कब्र में चैन से दफन रहेंगे; उसका नाम एक मिसाल के तौर पर लिया जाएगा, कि कैसे अचरजपूर्वक उच्चस्तरीय उद्यम को ईश्वरीय कृपा मिलती है, जब निष्ठा और पराक्रम का मेल होता है।”

**3.4 वर्तमान स्थिति :**

**3.4.1 स्मारक की स्थिति - स्थिति का आकलन :**

यह स्मारक वर्तमान में अच्छी स्थिति में परिरक्षित है।

**3.4.2 प्रतिदिन आने वाले एवं कभी- कभार एकत्रित होने वाले आगंतुकों की संख्या:**

इस स्मारक में प्रतिदिन 2-4 आगंतुक आते हैं।

## अध्याय IV

## स्थानीय क्षेत्र विकास योजनाओं में,विद्यमान क्षेत्रीकरण, यदि कोई है

**4.0 विद्यमान क्षेत्रीकरण :**

राज्य सरकार द्वारा बनाए गए अधिनियम और नियमावली में इस स्मारक के लिए विशिष्ट रूप से कोई क्षेत्रीकरण नहीं किया गया है।

**4.1 स्थानीय निकायों के विद्यमान दिशानिर्देश :**

इन्हें **अनुलग्नक-III** में देखा जा सकता है।

## अध्याय V

## प्रथम अनुसूची, नियमभारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के रिकार्ड में परिभाषित सीमाओं के आधार पर प्रतिषिद्ध और विनियमित क्षेत्रों की प्रथम अनुसूची, नियम 21 / (1) टोटल स्टेशन सर्वेक्षण के अनुसार सूचना।

**5.0 आलमबाग समाधि-लखनऊ की रूपरेखा:**

आलमबाग समाधि-लखनऊ की सर्वेक्षण योजना **अनुलग्नक -IV** में देखी जा सकती है।

**5.1 सर्वेक्षण से प्राप्त किए गए आंकड़ों का विश्लेषण:**

**5.1.1 प्रतिषिद्ध क्षेत्र और विनियमित क्षेत्र का विवरण:**

- संरक्षित क्षेत्र (लगभग): 3249.63 वर्गमीटर
- प्रतिषिद्ध क्षेत्र (लगभग): 54875.37 वर्गमीटर
- विनियमित क्षेत्र (लगभग): 298042.882 वर्गमीटर

**मुख्य विशेषताएं**:

- स्मारक की ऊँचाई भू-तल से 6 मीटर है
- स्मारक निकटवर्ती इलाके की दुकानों और खरीददारी परिसरों (शॉपिंग कॉम्पलेक्स) से घिरा हुआ है। इसके प्रतिषिद्ध और विनियमित क्षेत्र में स्मारक के चारों ओर खुला स्थान कम ही है।
- स्मारक विभिन्न प्रकार के भूमि-उपयोगों जैसेकि आवासीय, वाणिज्यिक और सांस्थानिक तथा अस्तपतालों के रूप में स्वास्थ्य केन्द्रों से घिरा हुआ है।

### 5.1.2 निर्मित क्षेत्र का विवरण:

**प्रतिषिद्ध क्षेत्र**

- **उत्तर-** उत्तर, उत्तर-पूर्व और उत्तर-पश्चिम दिशाओं में दुकानों जैसेकि मोबाइल की दुकानें, जनरल स्टोर, बुटीक आदि से घिरा है।
- **पूर्व -** इस दिशा में दुकानों के रूप में वाणिज्यिक और आवासीय क्षेत्र मौजूद हैं।
- **दक्षिण -** डाकघर, गुरुद्वारा और दमकल केंद्र (फायर स्टेशन) प्रतिषिद्ध क्षेत्र में मौजूद हैं। इस दिशा में कुछेक आवास भी हैं।
- **पश्चिम -** दक्षिण-पश्चिम और पश्चिम दिशा में क्रमशः डाकघर और जल निगम का कार्यालय जैसे सरकारी भवन मौजूद हैं। उत्तर-पश्चिम दिशा में अस्पताल, नगर निगम पड़ता है।

**विनियमित क्षेत्र**

- **उत्तर -** मुख्य रूप से दुकानों के रूप में वाणिज्यिक, गुरुनानक महिला इन्टर कॉलेज के रूप में सांस्थानिक भवन, एक अचार की फैक्ट्री भी इस दिशा में मौजूद हैं। इसके उत्तर, उत्तर-पूर्व और उत्तर-पश्चिम दिशा में आवासीय भवन भी हैं। इस दिशा में अजंता अस्पताल भी स्थित है।
- **दक्षिण-** दक्षिण दिशा में जनता इन्टर कालेज, आलमबाग के रूप में शैक्षणिक भवन मौजूद है। दक्षिण-पश्चिम दिशा में नगर निगम का कार्यालय मौजूद है। आवासीय कालोनियाँ दक्षिण, दक्षिण-पूर्व और दक्षिण-पश्चिम दिशा में स्थित हैं।
- **पूर्व -**पूर्व दिशा में छोटी दुकानें, व्यावसायिक कॉम्पलैक्स स्थित हैं। इस दिशा में आवासीय क्षेत्र भी मौजूद हैं।
- **पश्चिम -** विनियमित क्षेत्र में बीएसएनएल कार्यालय, आलमबाग मैट्रो स्टेशन पड़ता है। धार्मिक भवन जैसे कि सनातन धर्म मंदिर, अनेक दुकानें दक्षिण-पश्चिम दिशा पड़ती हैं। दक्षिण-पश्चिम दिशा में काली मंदिर भी है। पश्चिम दिशा में प्रधानतः विभिन्न उपयोगी वस्तुओं की दुकाने मौजूद हैं।

### 5.1.3 हरित/खुले क्षेत्रों का विवरणः

**प्रतिषिद्ध क्षेत्र**

- **उत्तरः** विनियमित क्षेत्र में गुरुनानक महिला इन्टर कॉलेज के सामने खुला मैदान पड़ा है।
- **पूर्वः** प्रतिषिद्ध और विनियमित क्षेत्र में कोई बड़ा खुला क्षेत्र उपलब्ध नहीं है।

- **दक्षिणः** जनता इन्टर कालेज, आलमबाग के खेल के मैदान का एक हिस्सा स्मारक के प्रतिषिद्ध क्षेत्र पड़ता है। दमकल केंद्र (फायर स्टेशन) के आसपास खुला क्षेत्र दक्षिण-पश्चिम दिशा में पड़ता है। गुलाब वाटिका दक्षिण-पूर्व दिशा में पडती है।
- **पश्चिमः** हस्पताल नगर निगम और जल निगम कार्यालय के आसपास प्रतिषिद्ध क्षेत्र में खुला क्षेत्र मौजूद है।

**5.1.4. परिसंचरण के अंतर्निहित आवृत्त क्षेत्र – सड़क, पैदलपथ आदि।**

स्मारक तक  पहुँचने के लिए 4 मीटर चौड़ी पक्की सड़क है। स्मारक के भीतर मार्ग के तहत लगभग 69 वर्ग मीटर क्षेत्र आता है।

**5.1.5. भवन की ऊंचाई (क्षेत्र वार):**

- **उत्तर**: अधिकतम ऊंचाई 9 मीटर है।
- **दक्षिण**: अधिकतम ऊंचाई 9 मीटर है।
- **पूर्व**: अधिकतम ऊंचाई 9 मीटर है।
- **पश्चिम**: अधिकतम ऊंचाई 9 मीटर है।

**5.1.6 प्रतिषिद्ध/विनियमित क्षेत्र के अंतर्गत राज्य द्वारा संरक्षित स्मारक और स्थानीय प्राधिकरणों द्वारा सूचीबद्ध विरासत भवन, यदि उपलब्ध हों:**

केन्द्र सरकार द्वारा संरक्षित इस स्मारक के साथ लगता आलमबाग दरवाज़ा राज्य द्वारा संरक्षित कोई स्मारक है।

**5.1.7 सार्वजनिक सुविधाएं:**

स्मारक स्थल पर मार्ग और कूड़ादान उपलब्ध कराए गए हैं।

**5.1.8 स्मारक तक पहुंच:**

इस स्मारक तक 4 मीटर की एक पक्की सड़क के माध्यम से पहुंचा जा सकता है। आगंतुकों की आवाजाही के लिए भी मार्ग उपलब्ध कराया गया है।

**5.1.9 अवसंरचनात्मक सेवाएं {(जलापूर्ति, झंझाजल अपवाह तंत्र (स्टोर्म वाटर ड्रेनेज), जल-मल निकासी, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, पार्किंग आदि)}:**

प्रतिषिद्ध और विनियमित क्षेत्र में जलापूर्ति, झंझाजल अपवाह तंत्र, जल-मल निकासी आदि की व्यवस्था है।

**5.1.10 क्षेत्र का प्रस्तावित क्षेत्रीकरण:**

केन्द्र सरकार द्वारा संरक्षित स्मारक के संबंध में लखनऊ मुख्य योजना (मास्टर प्लान) 2021-31 कोई विशिष्ट नियम और खंड परिभाषित नहीं है। प्रतिषिद्ध और विनियमित क्षेत्र में किसी भी प्रकार के विकास और निर्माण के संबंध में सामान्य नियमवली लागू होगी।

## अध्याय VI

## स्मारक का वास्तुशिल्पीय, ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व

**6.0 वास्तुशिल्पीय महत्व, ऐतिहासिक महत्व और पुरातात्विक महत्व:**

सर हेनरी हैवलॉक (5 अप्रैल 1795-24 नवम्बर 1857) एक ब्रिटिश जनरल था उसका संबंध विशेषकर 1857 के भारत के प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम के दौरान भारतीय स्वतन्त्रता सेनानियों से अंग्रेजों के द्वारा कानपुर के पुनः हासिल करने और भारत से जुड़ा है। उसकी पत्नी और परिवार ने आलमबाग में एक स्तम्भ के रूप में एक स्मारक बनवाया था और जिसका नाम आलमबाग समाधि है।

**6.1 स्मारक की संवेदनशीलता (उदाहरणार्थ: विकासात्मक दबाव, शहरीकरण, जनसंख्या दबाव आदि):**

यह स्मारक विकासात्मक दबाव के प्रति संवेदनशील है क्योंकि स्मारक के आसपास के क्षेत्र में आधुनिक निर्माण का विकास हुआ है।

**6.2 संरक्षित स्मारक या क्षेत्र से दृश्यता और विनियमित क्षेत्र से दृश्यता:**

स्मारक प्रतिषिद्ध और विनियमित क्षेत्र से दिखाई नहीं देता है।

**6.3 पहचान किये जाने वाले भू-प्रयोग:**

प्रतिषिद्ध और विनियमित क्षेत्र में सड़कें, सरकारी और पब्लिक स्कूल, आवासीय मकान, कार्यालय, पार्क, विभिन्न प्रकार के भवन और सार्वजनिक जनोपयोगी सुविधाएं हैं।

**6.4 संरक्षित स्मारक के अतिरिक्त पुरातात्विक धरोहर अवशेष:**

प्रतिषिद्ध और विनियमित क्षेत्र के भीतर पुरातात्विक अवशेष नहीं है।

**6.5 सांस्कृतिक परिदृश्य**:

स्मारक के आसपास में आधुनिक इमारतें हैं।

**6.6 महत्वपूर्ण प्राकृतिक भूदृश्य जो सांस्कृतिक परिदृश्य का हिस्सा हैं और पर्यावरण प्रदूषण से स्मारकों को संरक्षित करने में भी सहायक हैं:**

स्मारक के आसपास कोई सांस्कृतिक या प्राकृतिक भूदृश्य नहीं है।

**6.7 खुले स्थान और निर्माण का उपयोग:**

स्मारक के आसपास दुकानें और खरीददारी परिसरों (शापिंग कॉम्पलैक्स) हैं। प्रतिषिद्ध और विनियमित क्षेत्र में स्मारक के आसपास बहुत कम खुला स्थान है। स्मारक विभिन्न प्रकार के भूमि-उपयोगों जैसे कि आवासीय, व्यावसायिक और सांस्थानिक तथा अस्पतालों के रूप में स्वास्थ्य केन्द्रों से घिरा हुआ है। खुले स्थानों का उपयोग आगंतुक पार्किंग, कैफे और उद्यान हैं।

**6.8 परंपरागत, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक गतिविधियां:**

यह कोई जीवंत स्मारक नहीं है इसलिए किसी प्रकार की पारम्परिक, सांस्कृतिक या ऐतिहासिक गतिविधि यहाँ नहीं होती हैं।

**6.9 संस्मारक से क्षेतिजतह दृश्यमान परिदृश्य:**

स्मारक ज्यादा दूरी से दिखाई नहीं देता है परन्तु प्रतिषिद्ध क्षेत्र कुछ स्थानों से इसे देखा जा सकता है।

**6.10 पारंपरिक वास्तुकल**ा:

स्मारक के प्रतिवेश में कोई पारंपरिक वास्तुकीय संरचना मौजूद नहीं है।

**6.11 स्थानीय प्राधिकरणों द्वारा उपलब्ध विकास योजन**ा:

विकास योजना को **अनुलग्नक-V** पर देखा जा सकता है।

**6.12 भवन से संबंधित मापदंड:**

**(क) स्थल पर निर्माण की ऊँचाई (छत संरचना जैसे ममटी, पैरापेट आदि सहित):** स्मारक के विनियमित क्षेत्र की सभी इमारतों की ऊँचाई 18 मीटर (सभी सहित) तक सीमित रहेगी।

**(ख) तल क्षेत्र:** तल क्षेत्र अनुपात (एफएआर) स्थानीय भवन उप-विधियों के अनुसार होगा।

(ग) **उपयोग: -** स्थानीय भवन उप-विधियों के अनुसार भूमि-उपयोग में कोई परिवर्तन नहीं।

(घ) **अग्रभाग रचना- :**

- सामने की सड़क के किनारे या सीढ़ी वाले कूपक (शैफ्ट) के साथ फ्रेंच दरवाजे और बड़े कांच के अग्रभाग की अनुमति नहीं होगी।

**(ङ) छत रचना:** -

- समतल छत की रचना प्रयोग में लायी जा सकती है।
- ढांचे, यहाँ तक की अस्थायी सामग्री जैसे कि एल्यूमीनियम आवरण, फाइवर कॉच, पोलीकार्बोनेट का भवन की छत में प्रयोग हेतु अनुमति नहीं होगी।
- छत पर रखी सभी प्रकार की सेवाओं जैसेकि बड़ी वातानुकूलन इकाई, पानी की टंकी या बड़े जनरेटर सैटों को दीवारों के आवरण से (ईंटों/सीमेंट की चादरों आदि) से ढॅका जायगा। इन सभी सेवाओं को अधिकतम अनुमत्य ऊँचाई में रखना अनिवार्य होगा।

**(च) भवन निर्माण सामग्री- :**

- स्मारक की सभी सड़क के किनारे सामग्री और रंग में समरूपता।
- आधुनिक सामग्री जैसे कि एल्यूमिनियम आवरण, सीसे की ईंट, और किसी भी अन्य रासायनिक टाइल या सामग्री को बाहरी परिष्करण के उपयोग हेतु अनुमति नहीं होगी।
- पारंपरिक सामग्री जैसे ईंट और पत्थर का उपयोग किया जाना चाहिए।

**(छ) रंग- :** बाहरी दीवार का रंग स्मारकों के साथ मेल खाने वाले हल्के रंग का होना चाहिए।

**6.13 आगंतुक हेतु सुख-सुविधाएं:**

स्थल पर आगंतुक हेतु सुख-सुविधाएं जैसे भवन पर रात में रोशनी, शौचालय, विवेचन कक्ष, कैफेटेरिया, पेयजल, स्मारिका दुकान, वाई-फाई, ध्वनि एवं प्रकाश प्रदर्शन, रैम्प, ब्रेल सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए।

## अध्याय-VII
## स्थल विशिष्ट संस्तुतियॉ

**7.1 स्थल विशिष्ट संस्तुतियां:**

**(क) सैटबैक:**

- सामने के भवन का किनारा, मौजूदा सड़क की सीध में ही होना चाहिए। इमारत के चारों ओर छोड़ा गया क्षेत्र (सैटबैक) अथवा आंतरिक बरामदों या चबूतरों में न्यूनतम खाली स्थान की अपेक्षा को पूरा किया जाना चाहिए।

**(ख) प्रक्षेपण:**

- सड़क के 'निर्बाध' रास्ते से आगे भूमि स्तर पर बाधा मुक्त पथ में किसी सीढ़ी या पीठिका (प्लिंथ) की अनुमति नहीं दी जाएगी। सड़कों को मौजूदा भवन के किनारे की रेखा से 'निर्बाध' आयामों से जोड़ा जाएगा।

**(ग) संकेतक:**

- धरोहर क्षेत्र में साईनेज़ (सूचनापट्ट) के लिए एल.ई.डी. अथवा डिजिटल चिह्नों अथवा किसी अन्य अत्यधिक परावर्तक रासायनिक (सिंथेटिक) सामग्री का उपयोग नहीं किया जा सकता। बैनर लगाने की अनुमति नहीं दी जा सकती; किंतु विशेष आयोजनों/ मेलों आदि के लिए इन्हें तीन से अधिक दिन तक नहीं लगाया जा सकता है। धरोहर क्षेत्र के भीतर पट विज्ञापन (होर्डिंग), पर्चे के रूप में कोई विज्ञापन अनुमत नहीं होगा।
- संकेतकों को इस तरह रखा जाना चाहिए कि वे किसी भी धरोहर संरचना या स्मारक को देखने में बाधा न आए और पैदल यात्री की ओर उनकी दिशा हो।
- स्मारक की परिधि में फेरीवालों और विक्रेताओं को खड़े होने की अनुमति नहीं दी जाए।

**7.2 अन्य संस्तुतियाँ :**

- व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा सकता है।
- विनिर्दिष्ट मानकों के अनुसार दिव्यांगजनों के लिए व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी।
- इस क्षेत्र को प्लास्टिक और पोलिथीन मुक्त क्षेत्र घोषित किया जाएगा।
- सांस्कृतिक विरासत स्थलों और परिसीमा के संबंध में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन दिशानिर्देश https://ndma.gov.in/images/guidelines/Guidelines-Cultural-Heritage.pdf में देखे जा सकते हैं।

**GOVERNMENT OF INDIA**
**MINISTRY OF CULTURE**
**NATIONAL MONUMENTS AUTHORITY**

---

In exercise of the powers conferred by section 20 E of the Ancient Monuments and Archaeological Sites and Remains Act, 1958 read with Rule (22) of the Ancient Monuments and Archaeological Sites and Remains (Framing of Heritage Bye- laws and Other Functions of the Competent Authority) Rule, 2011, the following draft Heritage Bye-laws for the Centrally Protected Monument "Cemetery at Alambagh", Lucknow prepared by the Competent Authority and in consultation with the Indian National Trust for Art and Cultural Heritage, are hereby published, as required by Rule 18, sub-rule (2) of the National Monuments Authority (Conditions of Service of Chairman and Members of Authority and Conduct of Business) Rules, 2011, for inviting objections or suggestions from the public;

Objections or suggestions, if any, may be sent to the Member Secretary, National Monuments Authority (Ministry of Culture), 24 Tilak Marg, New Delhi or email at hbl_section@nma.gov.in within thirty days of publication of the notification;

The objections or suggestions which may be received from any person with respect to the said draft bye-laws before the expiry of the period, so specified, shall be considered by the National Monuments Authority.

## Draft Heritage Bye-Laws

## CHAPTER I

## PRELIMINARY

### 1.0 Short title, extent and commencements: -

(i) These bye-laws may be called the National Monument Authority Heritage bye-laws 2021 of Centrally Protected Monument "Cemetery at Alambagh", Lucknow.
(ii) They shall extend to the entire prohibited and regulated area of the monuments.
(iii) They shall come into force with effect from the date of their publication.

### 1.1 Definitions: -

(1) In these bye-laws, unless the context otherwise requires, -

(a) ancient monument means any structure, erection or monument, or any tumulus or place or interment, or any cave, rock sculpture, inscription or monolith, which is of historical, archaeological or artistic interest and which has been in existence for not less than one hundred years, and includes-

(i) The remains of an ancient monument,
(ii) The site of an ancient monument,
(iii) Such portion of land adjoining the site of an ancient monument as may be required for fencing or covering in or otherwise preserving such monument, and
(iv) The means of access to, and convenient inspection of an ancient monument;

(b) archaeological site and remains means any area which contains or is reasonably believed to contain ruins or relics of historical or archaeological importance which have been in existence for not less than one hundred years, and includes-

(i) Such portion of land adjoining the area as may be required for fencing or covering in or otherwise preserving it, and
(ii) The means of access to, and convenient inspection of the area;

(c) Act means the Ancient Monuments and Archaeological Sites and Remains Act, 1958 (24 of 1958);

(d) archaeological officer means and officer of the Department of Archaeology of the Government of India not lower in rank than Assistant Superintendent of Archaeology;

(e) Authority means the National Monuments Authority constituted under Section 20 F of the Act;

(f) Competent Authority means an officer not below the rank of Director of archaeology or Commissioner of archaeology of the Central or State Government or equivalent rank, specified, by notification in the Official Gazette, as the competent authority by the Central Government to perform functions under this Act:
Provided that the Central Government may, by notification in the Official Gazette, specify different competent authorities for the purpose of section 20C, 20D and 20E;

(g) construction means any erection of a structure or a building, including any addition or extension thereto either vertically or horizontally, but does not include any re-construction, repair and renovation of an existing structure or building, or, construction, maintenance and cleansing of drains and drainage works and of public latrines, urinals and similar conveniences, or the construction and maintenance of works meant for providing supply or water for public, or, the construction or maintenance, extension, management for supply and distribution of electricity to the public or provision for similar facilities for public;

(h) floor area ratio (FAR) means the quotient obtained by dividing the total covered area (plinth area) on all floors by the area of the plot;

FAR = Total covered area of all floors divided by plot area;

(i) Government means The Government of India;

(j) maintain, with its grammatical variations and cognate expressions, includes the fencing, covering in, repairing, restoring and cleansing of protected monument, and the doing of any act which may be necessary for the purpose of preserving a protected monument or of securing convenient access thereto;

(k) owner includes-

(i) a joint owner invested with powers of management on behalf of himself and other joint owners and the successor-in-title of any such owner; and

(ii) any manager or trustee exercising powers of management and the successor-in-office of any such manager or trustee;

(l) preservation means maintaining the fabric of a place in its existing and retarding deterioration.

(m) prohibited area means any area specified or declared to be a prohibited area under section 20A;

(n) protected area means any archaeological site and remains which is declared to be of national importance by or under this Act;

(o) protected monument means any ancient monument which is declared to be of national importance by or under this Act;

(p) regulated area means any area specified or declared to be a regulated area under section 20B;

(q) re-construction means any erection of a structure or building to its pre-existing structure, having the same horizontal and vertical limits;

(r) repair and renovation means alterations to a pre-existing structure or building, but shall not include construction or re-construction;

(2) The words and expressions used herein and not defined shall have the same meaning as assigned in the Act.

## CHAPTER II

### Background of the Ancient Monuments and Archaeological sites and remains (AMASR) Act, 1958

**2.0 Background of the Act:-**The Heritage Bye-Laws are intended to guide physical, social and economic interventions within 300m in all directions of the Centrally Protected Monuments. The

300m area has been divided into two parts (i) the **Prohibited Area,** the area beginning at the limit of the Protected Area or the Protected Monument and extending to a distance of one hundred meters in all directions and (ii) the **Regulated Area**, the area beginning at the limit of the Prohibited Area and extending to a distance of two hundred meters in all directions.

As per the provisions of the Act, no person shall undertake any construction or mining operation in the Protected Area and Prohibited Area while permission for repair and renovation of any building or structure, which existed in the Prohibited Area before 16 June, 1992, or which had been subsequently constructed with the approval of DG, ASI and; permission for construction, re-construction, repair or renovation of any building or structure in the Regulated Area, must be sought from the Competent Authority.

**2.1 Provision of the Act related to Heritage Bye-laws:** The AMASR Act, 1958, Section 20E and Ancient Monument and Archaeological Sites and Remains (Framing of Heritage Bye-Laws and other function of the Competent Authority) Rules 2011, Rule 22, specifies framing of Heritage Bye-Laws for Centrally Protected Monuments. The Rule provides parameters for the preparation of Heritage Bye-Laws. The National Monuments Authority (Conditions of Service of Chairman and Members of Authority and Conduct of Business) Rules, 2011, Rule 18 specifies the process of approval of Heritage Bye-laws by the Authority.

**2.2 Rights and Responsibilities of Applicant:** The AMASR Act, Section 20C, 1958, specifies details of application for repair and renovation in the Prohibited Area, or construction or re-construction or repair or renovation in the Regulated Area as described below:

**(a)** Any person, who owns any building or structure, which existed in a Prohibited Area before 16th June, 1992, or, which had been subsequently constructed with the approval of the Director-General and desires to carry out any repair or renovation of such building or structure, may make an application to the Competent Authority for carrying out such repair and renovation as the case may be.

**(b)** Any person, who owns or possesses any building or structure or land in any Regulated Area, and desires to carry out any construction or re-construction or repair or renovation of such building or structure on such land, as the case may be, make an application to the Competent Authority for carrying out construction or re-construction or repair or renovation as the case may be.

**(c)** It is the responsibility of the applicant to submit all relevant information and abide by the National Monuments Authority (Conditions of Service of Chairman and Members of the Authority and Conduct of Business) Rules, 2011.

# CHAPTER III

## Location and Setting of Centrally Protected Monument – Cemetery at Alambagh, Lucknow

### 3.0 Location and Setting of the Monument:

- It is located at GPS Coordinates **Lat: N26° 48’ 48.90”Long: E80° 54’ 18.94”**
- Alambagh is located in south of Charbagh in Lucknow.




*Google map showing location of Cemetery at Alambagh, Lucknow*

- It is one of the most important residential and commercial areas of Lucknow and also one of the densely populated areas of the city.
- The nearest Airport to the monument is Chaudhary Charan Singh International airport which is 6.6 km away from the monument connecting to all the metro cities of India.
- The nearest Railway station is Charbagh Railway Station which is 2.0 km away from the monument.

### 3.1 Protected boundary of the Monument:

The protected boundary of the Centrally Protected Monument- Cemetery at Alambagh, Lucknow, Survey Plot number 604 may be seen at **Annexure-I.**

#### 3.1.1 Notification Map/ Plan as per ASI records:

The copy of Gazette Notification of Cemetery at Alambagh, Lucknow may be seen at **Annexure-II.**

### 3.2 History of the Monument:

Sir Henry Havelock (5 April 1795 – 24 November 1857) was a British general who is particularly associated with India and recapture of Kanpur by the Britishfrom the Indian Freedom fighters during the First War of Indian Independence in 1857. Havelock was buried just outside the Fort walls with full military honours. A monument was erected by his wife and family at Alambagh in the form of pillar and is named as cemetery at Alambagh.

### 3.3 Description of Monument (architectural features, elements, materials, etc.):

The Cemetery contains a memorial pillar finished in dressed stone. It is an imposing monument in Havelock's memory and was erected by his sons, widow, and family. These verses are inscribed on his tomb: “His ashes in a peaceful urn shall rest; His name a great example stands, to show how strangely high endeavors may be blessed, when piety and valour jointly go.

### 3.4 CURRENT STATUS:

#### 3.4.1 Condition of the Monument- condition assessment:

The monument is in a good state of preservation.

#### 3.4.2 Daily footfalls and occasional gathering numbers:

2-4 visitors visit the monument daily.

## CHAPTER IV

## Existing zoning, if any, in the local area development plans

### 4.0 Existing zoning:

Specifically for the monument there is no zoning made in the act and rules framed by the state government.

### 4.1 Existing Guidelines of the local bodies:

It may be seen at **Annexure-III.**

## CHAPTER V

**Information as per First Schedule, Rule 21(1)/ total station survey of the Prohibited and the Regulated Areas on the basis of boundaries defined in Archaeological Survey of India records.**

### 5.0 Contour Plan of Cemetery at Alambagh, Lucknow:

Survey Plan of Cemetery at Alambagh, Lucknowmay be seen at **Annexure- IV.**

## 5.1 Analysis of surveyed data:

### 5.1.1 Prohibited Area and Regulated Area details:

- Total Protected Area of the monument is 3249.63 sqm
- Total Prohibited Area of the monument is 54875.37 sqm.
- Total Regulated Area of the monument is 298042.882 sqm.

**Salient Features:**

- The height of the monument is 6m from ground level.
- The monument is surrounded by shops and shopping complexes in its close vicinity. Less open space is present around the monument in its Prohibited and Regulated Area.
- The monument is surrounded by different land-uses like residential, commercial, and institutional and health centers in the form of hospitals.

### 5.1.2 Description of built up area:

**Prohibited Area**

- **North**-North, north-east and north-west directions are occupied by shops such as mobile shops, general stores, boutiques etc.
- **South**- Post office, Gurudwara and fire station lies in the Prohibited Area. Few residences also lie in this direction.
- **East**-Commercial in the form of shops and residences lies in this direction.
- **West**- Official buildings like Post Office and Jal Nigam office lies in south west and west direction respectively. Hospital, Nagar Nigam lies in north-west direction.

**Regulated Area**

- **North**- Mainly commercial in the form of shops, Institutional building in the form Gurunanak Girls Inter College, a pickle factory also lie in north direction. It even has residences in north, north-east and north-west direction. Hospital namely Ajanta Hospital also lies in this direction.
- **South**- Educational building in the form of Janta Inter College, Alambagh lies in south direction. Nagar Nigam office lies in south-west direction. Residential colonies lie in south, south-east and south-west direction.
- **East**- Small shops, commercial complexes lie in the east direction. Residences also lie in this direction.
- **West**- BSNL office, Alambagh Metro Station lies in Regulated Area. Religious buildings like Sanatan Dharam mandir, several shops lie in south-west direction. Kali temple also lies in south-west direction. The west direction is basically occupied by shops of different utilities.

### 5.1.3 Description of green/open spaces:

**Prohibited Area**

- **North**: Open land lies in front of Gurunanank Girls Inter College in Regulated Area.
- **South:** A part of playground of Janta Inter College Alambagh lies in Prohibited Area

of the monument. Open area around fire station lies in south-west direction. Gulab Vatika lies in south-east direction.

- **East:** There is no substantial open space available in regulated and Prohibited Area.
- **West:** Open area is around hospital Nagar Nigam and Jal Nigam office in Prohibited Area.

### 5.1.4 Area covered under circulation- roads, footpaths etc:

The monument is approached by 4 m wide metalled road. Approx 69 sqm area is covered under pathway inside the monument.

### 5.1.5 Heights of buildings (Zone wise):

- **North**: Maximum height is 9m.
- **South:** Maximum height is 9m
- **East**: Maximum height is 9m
- **West**: Maximum height is 9m

### 5.1.6 State protected monuments and listed Heritage Buildings by local Authorities, if available, within the Prohibited/Regulated Area:

Alambagh Darwaza is the state protected monument adjacent to this Centrally Protected Monument.

### 5.1.7 Public amenities:

Pathways, dustbins are provided at the site.

### 5.1.8 Access to monument:

The monument is directly accessed by a 4m wide metalled road. Inside the monument, pathway is provided for the movement of visitors.

### 5.1.9 Infrastructure services (water supply, storm water drainage, sewage, solid waste management, parking etc.):

Water supply line, storm water drainage and sewage solid waste management are provided in the Regulated and Prohibited Area.

### 5.1.10 Proposed zoning of the area as per guidelines of the Local Bodies:

There is no particular rule and clause defined in Lucknow Master Plan- 2021-31 for Centrally Protected Monument. General rule will be applicable for any development and construction in Prohibited and Regulated Area.

## CHAPTER VI

**Architectural, historical and archaeological value of the monument.**

**6.0 Architectural, historical and archaeological value:**

